# अध्याय - 8 | रामवृक्ष बेनीपुरी- 'बालगोबिन भगत' QUIZ-01

**1. 'बालगोबिन भगत' पाठ के लेखक कौन हैं?**

A. स्वयं प्रकाश B. रामवृक्ष बेनीपुरी
C. यशपाल D. यतींद्र मिश्र (B)

*व्याख्या :* इस पाठ के लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी हैं, जिन्होंने बालगोबिन भगत जैसे लोकगायक की जीवनशैली को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है।

**2. बालगोबिन भगत किनको 'साहब' मानते थे?**

A. कबीर दास को
B. तुलसीदास को
C. सूरदास को
D. रैदास को (A)

*व्याख्या :* भगत जी कबीर के अनुयायी थे और उन्हें ही 'साहब' कहकर सम्मानित करते थे।

**3. बेटे की मृत्यु पर बालगोबिन भगत ने पतोहू को क्या करने के लिए कहा?**

A. क्रियाकर्म हेतु आवश्यक सामग्री का प्रबंध करने के लिए
B. रोने के लिए
C. उत्सव मनाने के लिए
D. साफ-सफाई करने के लिए (A)

*व्याख्या :* भगत जी ने पुत्र की मृत्यु पर भी धैर्य रखा और पतोहू से क्रियाकर्म की सामग्री लाने को कहा।

**4. बालगोबिन भगत अपने बेटे से अधिक प्यार इसलिए करते थे, क्योंकि-**

A. वह उनका इकलौता बेटा था
B. वह सुस्त तथा कम बुद्धि वाला था
C. वह होशियार एवं तीक्ष्ण बुद्धि वाला था
D. उन्हें पुत्र-मोह अधिक था (B)

*व्याख्या :* भगत जी अपने पुत्र से इसलिए अधिक प्यार करते थे क्योंकि वह सुस्त और कम बुद्धि वाला था।

**5. बालगोबिन भगत के संगीत को क्या कहा गया है?**

A. जादू
B. रहस्य
C. संगीत
D. इनमें सभी (D)

*व्याख्या :* लेखक ने उनके संगीत को जादू, रहस्य और भावनाओं से परिपूर्ण कहा है, जो श्रोताओं पर गहरा प्रभाव डालता था।

**6. 'मैं जाड़े से कँपकँपा रहा था' – इसमें 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**

A. लेखक के लिए
B. बालगोबिन भगत के लिए
C. पतोहू के लिए
D. इनमें कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* यह वाक्य लेखक की स्थिति का वर्णन करता है, जो जाड़े के मौसम में भगत जी के साथ थे।

**7. भगत अपने संगीत का प्रभाव बढ़ाने के लिए क्या करते थे?**

A. स्वर को ऊँचा करते थे
B. स्वर को नीचा करते थे
C. स्वर को ऊँचा-नीचा करते थे
D. इनमें कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* वे संगीत में भाव उत्पन्न करने के लिए स्वर की गति को ऊपर-नीचे करते थे।

**8. बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब आरंभ होती थीं?**

A. फागुन महीने में
B. कार्तिक महीने में
C. चैत्र महीने में
D. इनमें कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* भगत जी की प्रभातियाँ कार्तिक मास से शुरु होती थीं, जो गाँवों में भक्तिमय वातावरण पैदा करती थीं।

**9. रहस्यमयी वातावरण में बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे?**

A. कुश की चटाई पर बैठे थे
B. काली कमली ओढ़े थे
C. पूरब दिशा की ओर मुँह करके गा रहे थे
D. इनमें सभी (D)

*व्याख्या :* यह पूरा दृश्य रहस्यपूर्ण था, जिसमें वे चटाई पर बैठकर, कमली ओढ़कर पूरब दिशा में गा रहे थे।

**10. बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कार्तिक मास से आरंभ होकर कब तक चलती थीं?**

A. फागुन मास तक
B. चैत्र मास तक
C. कार्तिक मास तक ही
D. इनमें कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* भगत जी की प्रभातियाँ कार्तिक से लेकर फागुन तक चलती थीं, जो लंबी अवधि तक लोगों को भावविभोर करती थीं।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES